भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग में सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी, प्रभागीय लेखाकर एवं लेखा परीक्षक के रिक्त पदों को भरने हेतु संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा- 2017 के माध्यम से चुने गए अभ्यर्थियों के लिए सूचना

कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा- 2017 का परिणाम दिनांक 15 नवम्बर 2019 को घोषित किया गया है । संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा- 2017 के द्वारा कुल 1399 अभ्यर्थियों को संबन्धित पदों (599-सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी, 600-प्रभागीय लेखाकर एवं 200-लेखा परीक्षक) पर नियुक्ति हेतु भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग में मनोनीत किया गया है।

2. कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग में सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी, प्रभागीय लेखाकर एव लेखा परीक्षक के पद हेतु चयनित अभ्यर्थियों को विभिन्न राज्यो में स्थित कार्यालयो में आबंटन अभ्यर्थियों की मेधा एव उनके द्वारा दी गई प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा। साथ ही, सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी के पद पर नियुक्ति हेतु मनोनीत अभ्यर्थियों जो वाणिज्य में स्नातक अथवा वांछनीय अर्हताएं (चार्टर्ड अकाउंटेंट या लागत लेखापाल या कंपनी सचिव या वाणिज्य में मास्टर्स या कारबार अध्ययन में मास्टर्स या कारबार प्रशासन (वित) में मास्टर्स या कारबार अर्थशास्त्र में मास्टर्स) रखते हैं उन्हें वाणिजायिक शाखा में प्रशासनिक आवश्यकता तथा रिक्ति की उपलब्धता के आधार पर आबंटन में प्राथमिकता दी जायेगी।

3. सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी, प्रभागीय लेखाकर एवं लेखा परीक्षक के पद हेतु चयनित अभ्यर्थियों के राज्य का आबंटन कम्प्यूटर आधारित प्रणाली के तहत किया जाएगा। तदनुसार, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती हैं कि भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की वेबसाइट (www.cag.gov.in) को देखें और URL http://cag.delhi.nic.in/statechoice पर अपने व्यक्तिगत सूचना, राज्य प्राथमिकता एवं सत्यापन फार्म की विस्तृत जानकारी भरें। ऑनलाइन प्रक्रिया 16 दिसम्बर 2019 से प्रारम्भ होगी। ऑनलाइन सूचना भरने की अंतिम तिथि 13 जनवरी 2020 हैं।

4. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन सूचना भरने से पहले संबन्धित निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढें। विस्तृत जानकारी भरने के बाद अपने व्यक्तिगत सूचना (एक प्रति), राज्य प्राथमिकता (एक प्रति) एवं सत्यापन फार्म (दो प्रति) का प्रिंट लेकर, इसकी मूल प्रति पर अपने हस्ताक्षर कर, इस कार्यालय को दिनांक 28 जनवरी 2020 तक अवश्य भेज दें ।

5. लिफाफा के बाएं तरफ ऊपर परीक्षा का नाम अर्थात संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा- 2017 और पदनाम अर्थात सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी, प्रभागीय लेखाकर एवं लेखा परीक्षक अंकित होना चाहिए। अपने हस्ताक्षरित अपनी व्यक्तिगत सूचना, राज्य प्राथमिकता एवं सत्यापन फार्म को स्पीड पोस्ट से 28 जनवरी 2019 तक निम्न पते पर भेजें।

वी. एस. वेंकटानाथन
सहायक नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (अराज.)
भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय,
9,दीनदयाल उपाध्याय मार्ग,
नई दिल्ली-110124